ब्रीफ न्यूज

जीवीएम कॉलेज में अबीर लगा कर मनायी गयी होली

गया (रासासं): गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में रंगोत्सव होली के अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेव बाउरी की उपस्थिति में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने एक दूसरे को लाल, हरे, गुलाबी, नीले, पीले रंगों के अबीर लगा कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं ने भी सभी शिक्षक/शिक्षकाओं को अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ बाउरी ने कहा कि होली का पर्व हमें अतीत के सारे गिले-शिकवे भूल कर अपनत्व के नये रंगों में रंग जाने का संदेश देता है। रंगोत्सव में डॉ शगुफ्ता अंसारी, डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ पूजा, डॉ पूजा राय, डॉ नगमा शादाब, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ बनीता कुमारी, डॉ फरहीन वजीरी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ प्यारे माँझी, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ शुचि सिन्हा, डॉ वीणा कुमारी जायसवाल, डॉ प्रमिला कुमारी, डॉ आशुतोष कुमार पांडेय, रौशन कुमार, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, सुनील कुमार, अजीत कुमार, अजय कुमार, आनंद कुमार आदि की उपस्थिति रही।

एडीएम विभागीय जांच सह निर्वाची पदाधिकारी ने किया राजनीतिक दलों के साथ किया बैठक

इमामगंज (रासासं): प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में एडीएम विभागीय जांच सह निर्वाची पदाधिकारी रविशंकर शर्मा के नेतृत्व राजनीतिक पार्टियों के प्रखंड अध्यक्ष व बीएलओ के साथ बैठक किया। इस दौरान एडीएम ने इमामगंज, डुमरिया व बांकाबाजार प्रखंड के राजनीतिक पार्टी के अध्यक्षों से पिछले चुनाव में होने वाली परेशानियों से संबंधित जानकारी लिया। सभी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्षों से प्रखंड के सभी बूथों पर कमिटी दल का गठन करने की सलाह दिया। इसके अलावा सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची जो त्रुटि है उसमें सुधार करने के लिए बीएलओ को सहयोग करने की बातें कही। उन्होंने बीएलओ को अपने- अपने बूथ के मतदाता सूची में नए मतदाताओं को नाम जोड़ने और मृत मतदाताओं का नाम हटाने का निर्देश दिया है। लिंग अनुपात मतदान केंद्रों पर सुविधा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने पर जोर दिया। इधर बीडीओ संजय कुमार ने लोगों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों के बीच मनाया होली मिलन समारोह



कोंच (रासासं): कोंच प्रखंड के सभागार में पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जो आपसी सौहार्द के साथ मुखिया जनप्रतिनिधी और बीडीओ,सीओ, थानाध्यक्ष सभी पत्रकार ने एक दुसरे को अबीर-गुलाल लगाया और होली का शुभकामनाएं दिया। प्रखंड सभागार में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया एवं गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ,सीओ मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने होली के महत्व के बारे में बताया तथा प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की सलाह दी। मुखिया जनप्रतिनिधी के द्वारा पुआ,बारा, और अन्य खाने का अच्छा व्यवस्था की गई थी। होली मीलन समारोह में गायक मंडली में गायक नागेन्द्र रही के द्वारा होली का धुन फिर से तू आईह चंद्रशेखर भारत महया के लाल होली गा कर लोगों को दिल जीत लिया वही मनोज मंजुल द्वारा एक होली गीत गया गया जो कगा लेई के अबीर दे दिह फौजी बलम के ऐसे ऐसे और अन्य गायक मंडली द्वारा होली गीत गया गया और लोगों ने खुब मस्ती की इस मौके पर बीडीओ विपुल भारद्वाज सीओ मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह,मुखिया दिलीप कुमार, शिवकुमार चौहान, उमेश सिंह,दीलीप कुमार, संजय यादव प्रतिनिधि विजय विश्वकर्मा, संजय यादव,सुनील कुमार यादव, सरपंच राजु सिंह,अजय कुमार, मुन्ना कुमार,रवीरंजन, अखिलेश दास,हम नेता अजित कुमार गुड्डू कुमार, उमेश यादव, धनंजय कुमार, रिषभ राज, और सभी प्रखंड और अंचल कर्मी कर्मी सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

एबीवीपी गया महानगर ने भव्य फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



गया (रासासं): अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) गया महानगर द्वारा फागोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा और उत्सवधर्मिता को समर्पित था, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, संगठन के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। फगोत्सव कार्यक्रम में गुलाल, पारंपरिक होली गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से होली के उल्लास को जीवंत किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने भारतीय त्योहारों की महत्ता को समझते हुए एकता और भाईचारे का संदेश दिया। फगोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है। विद्यार्थी परिषद सदैव भारतीय परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रयासरत है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमने युवाओं को भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता से जोड़ने का प्रयास किया है। होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है।

नदी में डूबने से बच्ची की मौत

खिजरसराय (रासासं): प्रखंड के महमदपुर निवासी गुलाबचंद पासवान की छह वर्षिय पुत्री की मौत नदी में डूबने से हो गयी। बताया जा रहा है कि मुस्कान कुमारी अपने परिजनों के साथ फल्गु नदी की ओर गई थी जहां उसके परिजन नदी में कपड़ा धोने का कार्य कर रही थी तभी बच्ची खेलते खेलते नदी की ओर गहराई में चली गई जहां उसकी मौत हो गयी। ग्रामीणों की सहयोग से नदी से शव को निकाला गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है गांव में सन्नाटा पसरा है।

कांग्रेस पार्टी के बैनरतले होली मिलन समारोह आयोजित, खूब उड़े अबीर गुलाल

गया (रासासं): मानपुर में पूर्व मंत्री के अवधेश सिंह आवास पर डॉक्टर शशि शेखर सिंह के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह मे रंगों से सराबोर रहा खुब उड़े अबीर गुलाल लोकगीत पर खुब झूमे नेतागण।इस मौके पर पूर्व मंत्री बिहार सरकार अवधेश कुमार,कंडीस के गया जिला अध्यक्ष डॉ गगन मिश्रा,जिला सचिव साहिल गुप्ता, भुवन राम, फारूकी फारूकी,नवाबकीं,डॉ पिंकी कुमारी,मनीष गुप्ता,रविंद्र कुमार, चिंटू कुमार, राजू वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में नेतागण एवं समाजसेवी शामिल हुए। इस मौके पर कंडीस जिला सचिव साहिल गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सभी धर्म के लोग शामिल हुए अनेकता में एकता की मिसाइल कायम हुई।

159 बटालियन सीआरपीएफ ने सुकमा के ग्राम मिसमा में किया सामग्री का वितरण

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया/सुकमा : 159 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट कुमार मयंक के मार्गदर्शन में सीआरपीएफ के द्वारा अति नक्सलआ प्रभावित क्षेत्र सुकमा के ग्राम मिसमा के ग्रामीण क्षेत्र में गरीबों एवं असहायों के बीच सीआरपीएफ के द्वारा निःशुल्क बड़े बुजुर्गों को कंबल, गम्छा, लुंगी, बच्चों को स्कूल बैग, पेन एवं पेन्सिल बॉक्स, महिलाओं को बर्तन, साड़ी एवं नौजवानों को साईकिल, पानी का इम एवं खेलने के लिए क्रिकेट किट इत्यादी का वितरण किया गया एवं निःशुल्क ईलाज कर दवाईयों का वितरण किया गया । उक्त बातों की जानकारी देते हुए 159 बटालियन सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी लोकेश कुमार ने बताया कि सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत इस तरह का कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के अंदर सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना एवं केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के साथ-साथ ग्रामीणों एवं प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है और मुझे खुशी है कि आप लोगों ने यहाँ बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।इस अवसर पर 159 बटालियन के एफ/159 मिसमा के कम्पनी कमाण्डर अतिकुर रहमान खान, सहायक कमांडेण्ट तथा बटालियन के अन्य जवानों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा ग्रामीण जनता द्वारा सीआरपीएफ के इस जनहित कार्य के लिये काफी सराहना की गई।

सिटी एसपी ने सलैया एवं कोठी थाना का किया औचक निरीक्षण

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

इमामगंज: पुलिस अनुमंडल क्षेत्र स्थित सलैया एवं कोठी थाना का निरीक्षण सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल ने किया। इनके साथ इमामगंज डीएसपी अमित कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान सिटी एसपी लंबित कांडों, वारंटियों की गिरफ्तारी, इस्तेहार व कुर्की पर त्वरित निष्पादन करने, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, अपराधियों व असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, सूचना संकलन करने और प्रभावी पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया है। सिटी एसपी के द्वारा पुलिस थानों के सुरक्षीकरण और आधुनिकीकरण हेतु सुहैल सलैया थाना के लिए निमाणाधीन भवन का निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण करते हुए समीक्षा किया। इस दौरान पुलिस विभाग की जरुरतों के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा निमाणं कार्य को समय पर पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

सीयूएसबी के डॉ. पारिजात प्रधान ने श्रीलंका में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हुए शामिल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र अध्ययन विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. पारिजात प्रधान, श्रीलंका के ओलुविल स्थित साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी ऑफ श्रीलंका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में रिसोर्स पर्सन के रूप में शामिल हुए। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा एवं विभाग के प्राध्यापकों ने सम्मेलन में भागीदारी के लिए डॉ. पारिजात प्रधान को बधाई दी है। जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि डॉ. प्रधान ने इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन कंटेम्पररी सोशल इश्यूज: ए ग्लोबल पर्सपेक्टिव विषय पर आयोजित सम्मेलन में विमेंस सिक्योरिटी एंड दी क्वेश्चन ऑफ प्राइवेसी इन दी डिजिटल वल्र्ड: ए सोशियोलॉजिकल व्यू? (महिला सुरक्षा और डिजिटल दुनिया में गोपनीयता का प्रश्न: एक समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण) विषय पर शोध पत्र के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ प्रधान ने सम्मेलन में एक तकनीकी सत्र में एक सत्र की सह-अध्यक्षता भी की है।

साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी ऑफ श्रीलंका द्वारा इस तीन दिवसीय सम्मेलन को भारतीय समाजशास्त्रीय सोसायटी, नई दिल्ली, आरसी-25 (खेल का समाजशास्त्र) और इयान मदुरा, इंडोनेशिया के शिक्षा संकाय के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। डॉ प्रधान ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित क्षेत्रीय यात्राओं के माध्यम से श्रीलंका के महाकाव्य और मंत्रमुग्ध कर देने वाले इतिहास और सुंदरता को भी देखा ।

जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं ने अधिकारी के साथ मनाया होली मिलन समारोह

इमामगंज (रासासं): प्रखंड मुख्यालय स्थित अभिलाषा तैल एजेंसी में डीलर संघ के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इमामगंज एमओ सरोज कुमार, बांकाबाजार सुनील कुमार, डुमरिया नीतीश कुमार, शेरघाटी मिथलेश कुमार के अलावा गुरुआ और आमस के आपूर्ति पदाधिकारी शरीक हुए। होली मिलन परंपरागत होली गीतों के साथ प्रारंभ हुयी। जिसमें जमकर अबीर और गुलाल उड़ाएं गये। अधिकारियों ने सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम व भाईचारा के साथ होली मनाने का संदेश दिया। इस दौरान दुकानदारों ने अधिकारी को रंग अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, रानीगंज पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, छकरबंधा पैक्स अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, दुर्गा गुप्ता, विमला देवी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

गौतम बुद्ध जीविका महिला प्रशिक्षण एवं शिक्षण ग्रामीण कौशल्य योजना का किया आयोजन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: गया के बेलागंज के गौतम बुद्ध जीविका महिला प्रशिक्षण एवं शिक्षण स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड (टीएलसी) में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। जिसमें योजना के माध्यम प्रशिक्षण एवं रोजगार प्राप्त पूर्व छात्रों (एलुमनी) का समागम समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक श्री आचार्य मम्मट ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हे कहा कि मुझे है यह जानकार गर्व है कि महिलाएँ अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। वह घर के कार्यों के साथ परिवार को आगे बढ़ने में आर्थिक सहयोग कर रही है। महिलाओं को और सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाना है। यह अच्छा है कि घर पर बेरोजगार बैठने से बेहतर है कोई न कोई रोजगार किया जाए। ग्रमीण स्वरोजगर प्रशिक्षण संसथान, गया के निदेशक धीरज वर्मा ने कहा कि जीविका के कारण महिलाओं के जीवन में काफी बदलाव आ रहा है। महिलएँ भी घर से बहार निकल रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

कार्यक्रम में कई प्रखंडों से युवा प्रतिभगियों ने भाग लिए जो आज विभिन्न कंपनियों में से कार्यरत हैं। इन्हें जीविका के माध्यम से प्रशिक्षण अथवा सीधे रोजगार का अवसर मिला है। गुरुआ की रिंकी कुमारी जिन्होंनें कभी सोचा नहीं था की रोजर करेंगी आज पटना के एक बड़े हॉस्पिटल में नर्सिंग सहायक के रूप में कार्यरत हैं। पानेरी की बेलागंज के पप्पू को को भी जीविका के माध्यम से रांची में रोजगार मिला है। इस प्रकार अनेक उदाहरण हैं जिहोने अपने अनुभव साझा किये। इसमें एयरपोर्ट सर्विसेस, हॉस्पिटलिटी, रिटेल, आदि कई क्षेत्रों में कार्यरत युवाओं ने अपने अनुभव साझा किये ।

कार्यक्रम में पूर्वर्ती छात्रों के अरिरिक्त, जिला परियोजना प्रबंधक एवं ग्रमीण स्वरोजगर प्रशिक्षण संसथान के निदेशक, जीविका महिला संकुल संघों की परिनिधि दीदियों, प्रबंधक रोजगार विमलेश बिहारी विक्रांत, प्रबंधक वित समोद कुमार प्रणव, प्रबंधक संचार दिनेश कुमार, पीपीएम बेलगंज राजू कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक त्रिभुवन कुमार, रोजगार सेवा प्रदाताओं एवं अन्य लोगों ने भाग लिया।

दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत वर्तमान समय में एक प्रशिक्षण प्रदाता संस्था जिले के लिए संचालित है। जिले के कुल 3071 युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित कराया गया है। 3048 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया। कौशल पंजी में कुल 20083 से अधिक युवाओं का पंजीकरण कराया गया है। जिले में कुल 35 रोजगार सह मागदर्शन मेलों का आयोजन किया गया है। इसके माध्यम से 9133 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर लेटर दिया गया। इनमें से 4552 अभ्यर्थियों रोजगार से जुड़ चुके हैं।

गया नगर निगम की सफाई व्यवस्था हुई पूरी रूप से डिजिटल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: नगर निगम द्वारा क्यूर कोड के माध्यम से सभी घरों से डोर टू डोर के तहत कचरा का उठाव किया जाता रहा है। उसकी मॉनिटरिंग भी कंट्रोल रूम के माध्यम से की जाती रही है।

उसी पहलू में, अब स्वच्छ गया स्मस्र एवं स्वच्छता से रिलेटेड वेबसाइट पर सभी लोगों के लिए स्टार्ट किया गया है। नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि कार्यालय या दूरभाष पर कई लोग साफ सफाई से संबंधित फीडबैक या शिकायत करते रहते हैं। इस तरह किसी भी शिकायत या फीडबैक का फॉलो अप करना मुश्किल हो जाता है किसी भी कार्यालय के लिए। इसको ध्यान में रखते हुए ये व्यवस्था स्टार्ट की गई है। अब किसी भी तरह का फीडबैक या शिकायत आप ऐप या वेबसाइट पर जाकर दे सकते है। उसके बाद आप अपने शिकायत को ट्रैक भी कर सकते हैं। साथ हीं, निगम के स्तर से कई सुविधा एवं सर्विसेज भी लोगों द्वारा रिक्वेस्ट किया जाता है। अब आप ऑनलाइन हीं ऐप या वेबसाइट के माध्यम से निम्न सुविधाएं की बुकिंग कर सकते है: इस से सभी तरह की फीडबैक एवं शिकायत एक पोर्टल पर रहेगी एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से उसको फॉलो अप करते हुए उसका निस्तारण किया जाएगा। संबंधित अपने किए हुए रिक्वेस्ट या शिकायत का फॉलो अप भी कर सकते है। नगर आयुक्त ने बताया कि अगर कहीं भी आपको लगता है कि किसी स्थान से या घर से कचरे का उठाव नहीं हुआ है तो आप घर बैठे हीं वेबसाइट या ऐप पर ऑनलाइन नागरिक सेवा का फायदा ले सकते हैं। आप अपने मोबाइल नंबर से वेबसाइट एवं ऐप पर लोग इन कर शिकायत रजिस्टर कर सकते है। गया नगर निगम द्वारा उसका शीघ्र निष्पादन किया जाएगा। साथ ही, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि सफाई एक ऐसी चीज है जो सिर्फ निगम किन्हीं नहीं बल्कि सभी लोगों की जिम्मेदारी है। अगर लोग हीं जान बूझ कर कचरे इधर उधर फेंकते रहेंगे तो साफ सुथरा गया का सपना साकार नहीं हो पाएगा।

100 लीटर देसी शराब तीन आरोपी गिरफ्तार

कोंच (रासासं): कोंच थाने की पुलिस ने तीन शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार वही स्थानीय थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कांड संख्या 424/24के प्राथमिकी अभियुक्त बेबी देवी ग्राम कोंच डीह को शराब कारोबारी करिब पांच महिना पूर्व किया जा रहा था जिसमें कुछ शराब बरामद किया गया था उसी मामले में पीटीसी जितेंद्र कुमार पाण्डेय पुलिस बलों के साथ कोंच डीह से गिरफ्तार किया है । वही कांड संख्या 168/25 प्राथमिकी अभियुक्त रवीरंजन कुमार, चंदन कुमार दोनों ग्राम कोंच डीह के द्वारा होली को लेकर 100 लीटर देशी महुआ के टेम्पु पर कारोबारी करने ले जा रहा था जिसे रात्रि गश्ती के दौरान एसआई चंद्रशेखर कुमार पुलिस बलों के द्वारा गुप्त सूचना पर टेम्पु को जांच किया जिसमें रवीरंजन कुमार,चंदन कुमार दोनों साकीम कोंच को 100 लीटर देशी महुआ शराब सहित एक टेम्पु का बरामद किया और दोनों को गिरफ्तार किया है उपरोक्त कारोबारी को कोविड जांच कराकर जेल भेज दिया गया।

गया जी सेवा भारती के होली मिलन में खूब उड़े अबीर गुलाल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: बुधवार को तेल विगहा स्थित एक निजी भवन में गयाजी सेवा भारती द्वारा होली मिलन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिसमें सामाजिक एकता दिखाई दी। संगठन से जुड़े सभी लोग उपस्थित होकर एकता का संदेश दिया। संगठन से जुड़े साथियों ने एक दूसरे के चेहरे पर अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं और बधाई दी। इस दौरान लोगों ने होली के पारंपरिक गीतों पर खुब ठुमके लगाए और लजीज व्यंजनों का भी स्वाद चखा। मौके पर गया जी सेवा भारती के अध्यक्ष सह प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी प्रमोद कुमार भदानी ने जिले वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व प्रेम,भाईचारा, उत्साह और उमंग का पर्व है। वह बुगई पर अच्छाई की जीत का घोतक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के देवनाथ मेहरवार, सियाशरण प्रसाद, प्रान्त सेवा प्रमुख अंजनी कुमार, सेवा भारती के प्रान्त उपाध्यक्ष अनिल कुमार प्रान्त उप सचिव संजय कुमार, प्रान्त उपाध्यक्ष राहुल दत्ता, अध्यक्ष प्रमोद भदानी, सचिव विककी बरनवाल, अवधेश बाबू, डॉ पी के वर्मा, संजय प्रकाश, निरंजन कुमार, महेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश पवन, रोहित कुमार, रूपेश वर्मा, अभिषेक राज, शिवनाथ प्रसाद, किशोर कुमार, संतोष सिन्हा, मनोज जी, संजय लोहानी, रमेश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

होली गीत पर झूमे मेयर, डिप्टी मेयर व वार्ड पार्षद नगर निगम होली मिलन समारोह आयोजित

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गया: शहर के एपी कॉलनी स्थित एक निजी होटल में बुधवार को नगर निगम का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर सह स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव की देखरेख में किया गया। इस मौके पर डिप्टी मेयर चिंता देवी, वार्ड 51 सह स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य मनोज कुमार, नगर आयुक्त कुमार अनुराग सहित काफी संख्या में वार्ड पार्षद के अलावा अन्य लोग मौजूद थे। होली खेल रघुवीर अवध में होली गीत में मेयर, डिप्टी मेयर एवं पार्षदों ने खूब झूमे। साथ ही गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी।

वहीं मेयर ने होली की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्योहार है। भेदभाव भूलकर आपसी में मिलकर होली पर्व का आनंद उठाएं। उन्होंने कहा कि वार्ड पार्षद और निगमकर्मियों के सहयोग से शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था काफी बेहतर है। साथ ही शहर में विकास कार्यों में कई बदलाव हुए हैं।

वहीं स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने गया जिलेवासियों को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का पर्व है, जिसे शांतिपूर्ण और आनंदमय तरीके से मनाए।

समारोह में पार्षद विनोद कुमार यादव, दीपक चंद्रवंशी, धमेंद्र कुमार, अशोक कुमार, संजय कुमार सिन्हा, इवरार अहमद, चून्नू खान, मुन्नी देवी, अंजली कुमारी, जय प्रकाश सिंह यादव, गोपाल कुमार, ओम यादव, डिम्पल कुमार, मनोज कुमार, लाछो देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

आश्रितों को सीओ ने सौपा चार लाख का चेक

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

इमामगंज: इमामगंज अंचल कार्यालय में सीओ सुनीता कुमारी के द्वारा डाउना नाला में डूबकर मरने वाले के आश्रित पत्नी को चार लाख रुपए का चेक सौंपा है। इस संबंध में सीओ ने बताया की मृतक के आश्रित पत्नी मैत्री देवी को आपदा विभाग के द्वारा चार लाख रुपए का चेक सौंपा गया है।

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.

पंजीकृत कार्यालय: 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली – 110025
सीआईएन : U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक एल के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा बैंक से लिए गए गोल्ड लोन के बावजूद उनके द्वारा भुगतान नहीं किया गया है। बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगें और सूचनाए। अब कोविड एहसीन ने आपको सूचित किया है कि उसे गोल्ड अमानेट्स के लिए तय किया गया है बैंक के पास सुरक्षा रखी गई थी और तदनुसार **27 मार्च 2025** को नीलामी की तारीख तय की गई थी और **दोपहर 03:00** बजे शाखा परिसर से बाहर लोन का लाभ उठाया गया था। अब कर्जदारों, खाताधारकों और पब्लिक कैटलाई सहित, नीलामी की शर्तों और शर्तों में भाग ले सकते हैं।

क्र. सं.	शाखा	खाता नंबर	खाता धारक का नाम	पिता/जीवनसाथी का नाम	पता	खाता खुलने की तिथि	भुगतान करें
1.	माजीयाडा थाने	103742510186	रोशन ठाकुर	पुत्र दिलीप कुमार ठाकुर	रितायंस जियो टावर के सामने ब्राह्मण टोला रंजीतपुर, खानपुर समस्तीपुर, बिहार, 848117	17–01–24	70,399.90
2.	माजीयाडा थाने	103742510593	रोशन ठाकुर	पुत्र दिलीप कुमार ठाकुर	रितायंस जियो टावर के सामने ब्राह्मण टोला रंजीतपुर, खानपुर समस्तीपुर, बिहार, 848117	07–03–24	41,341.38

नीलामी तिथि 27 मार्च 2025 @ 03:00 बजे है।

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।